ए.पी.जे. इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट की दिलप्रीत ने जीती भाषण प्रतियोगिता

विजेताओं के साथ डायरैक्टर डा. राजेश बगगा व फैकल्टी स्टाफ।

जालंधर, 1 अक्तूबर (विनीत): ए.पी.जे. इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट एंड इंजीनियरिंग टैक्नीकल कैंपस में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस पर भाषण प्रतियोगिता करवाई गई।

इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता इंस्टीच्यूट के डायरैक्टर डा. राजेश बगगा ने की। विद्यार्थियों को बापू गांधी के जीवन आदर्शों की जानकारी देते हुए 'स्वच्छ भारत अभियान' व 'अहिंसा' के संदेश से भी अवगत करवाया।

भाषण प्रतियोगिता में दिलप्रीत ने पहला, जसमिलन ने दूसरा तथा रुद्राक्ष ने तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि चंचल व तनिष्का ने सांत्वना पुरस्कार पाया। विजेताओं को अंत में डा. राजेश बगगा ने बधाई देते हुए उन्हें पुरस्कृत किया।